देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 14.09.2025

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- देशभर में आज हिंदी दिवस मनाया जा रहा है।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– देश की भाषाएँ– संस्कृति, इतिहास, परंपराओं, ज्ञान और विज्ञान को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम।
- वर्ष 2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाले अर्धकुंभ मेले की तिथियों को लेकर आज अखाड़ों की बैठक।
- पौड़ी जिले के कपरोली स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में 16 सितंबर को तहसील दिवस और बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- राज्य के पर्वतीय जिलों में 18 सितंबर तक बारिश का अनुमान।
- और, टी–ट्वेंटी एशिया कप क्रिकेट में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा।

हिंदी दिवस

आज हिंदी दिवस है। इसी दिन वर्ष 1949 में संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिंदी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। आज, हिंदी दुनिया की सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और 52 करोड़ से ज़्यादा लोगों की पहली भाषा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राज्य के राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ दी हैं। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत एक समृद्ध भाषाई विरासत वाला देश है। सदियों से हमारी भाषाएँ संस्कृति, इतिहास, परंपराओं, ज्ञान और विज्ञान को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम रही हैं।

हिंदी दिवस पर आज प्रदेश भर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

जीएसटी

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर, लाल किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की। नई जीएसटी दरें 22 सितंबर से लागू होंगी। केंद्र सरकार के इस फैसले से आम लोगों को सीधे तौर पर बड़ी राहत मिलेगी। उत्तराखंड की आम जनता भी सरकार के इस निर्णय का स्वागत कर रही है। पौड़ी जिले के निवासियों का कहना है कि सरकार ने आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी की दरों में कटौती और शून्य करके लोगों को बड़ी राहत दी है। इसके लिए उन्होंने सरकार का आभार व्यक्त किया है। आइए सुनते हैं कि पौड़ी जिले के स्थानीय लोगों का जीएसटी के बारे में क्या कहना है।

## अर्द्धकुंभ

वर्ष 2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाले अर्धकुंभ मेले की तिथियों को लेकर आज निरंजनी अखाड़े में सभी अखाड़ों की बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज और निरंजनी अखाड़ा परिषद के सचिव एवं अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज करेंगे। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि वर्ष 2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाले अर्धकुंभ मेलों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। अर्धकुंभ मेले में देश–विदेश से करोड़ों श्रद्धालु आएंगे। तिथियों की घोषणा के बाद ही अर्धकुंभ मेले की तैयारियों में तेजी आएगी।

## बहुउद्देशीय शिविर

पौड़ी जिले के तहसील थलीसैंण अंतर्गत कपरोली स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में 16 सितंबर को तहसील दिवस और बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी विभागों की ओर से अपने–अपने स्टॉल और शिविर लगाए जाएंगे। साथ ही योजनाओं का प्रचार सुनिश्चित करते हुए लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाएगा। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि शिविर का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और सेवाओं की सुगमता सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि तहसील दिवस के दौरान समाज कल्याण विभाग पेंशन संबंधी मामलों का निस्तारण करेगा। वहीं स्वास्थ्य विभाग तथा आयुष चिकित्सा विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा, जिसमें आमजन को उपचार और परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।

## रक्तदान शिविर

राजधानी देहरादून के गजियावाला घट्टीखोला स्थित आदिशक्ति मां कालिका मंदिर परिसर में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि रक्तदान महादान है, जो किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करता है। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं से रक्तदान शिविर में बढ़–चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कैबिनेट मंत्री ने शिविर स्थल पर उपस्थित युवाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की भी सलाह दी।

## उत्तराखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर ने उत्तराखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट ukutet.com और ubse.uk.gov.in से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उत्तराखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा 27 सितंबर 2025 को एक ही दिन में दो पालियों में आयोजित की जाएगी।

## मौसम

और अब एक नजर मौसम पर..... मौसम विभाग ने 18 सितंबर तक राज्य के पर्वतीय जिलों में बारिश की संभावना जताई है। आज देहरादून, पौड़ी, बागेश्वर और नैनीताल में तेज बारिश का अनुमान है। विभाग ने कल के लिए देहरादून, बागेश्वर और नैनीताल में मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

पर्वतीय जिलों में बारिश और भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हुए मुख्य और आंतरिक मार्गों को खोलने के प्रयास जारी हैं। इस बीच, बागेश्वर और देहरादून में कल देर रात से तड़के तक हल्की बारिश दर्ज की गई। अभी बादल छाए हुए हैं।

टी–ट्वेंटी एशिया कप

टी–ट्वेंटी एशिया कप क्रिकेट में आज दुबई में ग्रुप–ए के मैच में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच रात आठ बजे से खेला जाएगा। इस वर्ष फरवरी के बाद दोनों टीमें पहली बार आमने–सामने होंगी।

इस बीच, श्रीलंका ने आबूधाबी में कल रात ग्रुप–बी में बंगलादेश को छह विकेट से हरा दिया। एक सौ चालीस रन के लक्ष्य के जवाब में श्रीलंका ने 14 ओवर और चार गेंद में छह विकेट खोकर मैच जीत लिया। इससे पहले, बंगलादेश ने, पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में पांच विकेट पर 139 रन बनाए थे।

उधर, हांगकांग ओपन सुपर–500 टूर्नामेंट के पुरुष सिंगल्स के फाइनल में आज भारत के लक्ष्यसेन का मुकाबला चीन के ली–शी–फेंग से होगा। लक्ष्य ने कल सेमीफाइनल में चीन–ताईपेई के चाऊ–तिएन–चेन को 23–21, 22–20 से हराया।